13/10
मंगलवार
2026
जबलपुर एक्सप्रेस
10

शासकीय महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



वारासिवनी(जबलपुर एक्सप्रेस)। स्थानीय शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय में आज महाविद्यालय में गठित कौटिल्य अर्थशास्त्र क्लब के अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेडाम के मार्गदर्शन तथा विभागध्यक्ष डॉ. अनिरूद्ध सिंह क्यकोड़िया के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता का अयोजन विद्यार्थियों में विषयगत ज्ञान, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षतमा, टीम भावना, संचार कौशल एवं सहपाठ्य तथा संबंधित दक्षताओं के विकास तथा अपने विद्यार्थियों को अपने विषय से संबंधित व्यावहारिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से हुआ। प्रतियोगिता को सफल बनाने में में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रूक्मणी कोहरे ने प्रथम, मंजु पन्द्रे ने द्वितीय एवं गगन पंचेश्वर ने तृतिय स्थान प्राप्त किया। प्रतिगयोगिता में सम्मिलित समस्त प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा आगे भी इस प्रकार की प्रतियोगिता में सहभागीता हेतु प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पराग पालेवार, का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में महविद्यालय परिवार के सदस्य तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

Scanned with OI
Scanned with OKEN Scanner